कार्यालयःप्रधानाचार्य, शेखुल हिन्द मौलाना महमूद हसन मेडिकल कालेज,अम्बाला रोड,सहारनपुर।

NO. GMCS/2014/Eq.R/1136 Dt-15 Oct., 2014

पुनः निविदा सूचना

शेखुल हिन्द मौलाना महमूद हसन मेडिकल कालेज सहारनपुर, के विभिन्न विभागों हेतु विभिन्न प्रकार के शिक्षण एंव चिकित्सकीय उपकरणों की आपूर्ति एवं स्थापना हेतु उच्च गुणवत्ता वाली ख्यातिलब्ध निर्माता फर्मो (भारतीय/विदेशी) अथवा उनके अधिकृत भारतीय वितरकों से टू विड सिस्टम पर आधारित मुहरबन्द निविदायें इस कार्यालय के निविदा संख्या–RAMCS/2013-14/Eq./Tender-3/359, dt. 22-01-2014 एवं निविदा सूचना संख्या–GMCS/2014/Eq.R/707, Dt. 31 July, 2014 के द्वारा आमंत्रित की गई थीं।

इसी कम में निम्न उपकरणों के लिए पुनः निविदा आमंत्रित की जाती है। इस हेतु सभी निविदादाताओं को पुनः निविदा प्रस्तुत करनी होगी। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्यदिवस में **पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह 1 बजे तक दिनांक–27अक्टूबर 2014 से 26 नवम्बर 2014** तक **शेखुल हिन्द मौलाना महमूद हसन मेडिकल कालेज, अम्बाला रोड सहारनपुर** से प्राप्त की जा सकती है। निविदा शुल्क (नानरिफण्डेबिल) निम्नांकित तालिका के अनुसार प्रत्येक उपकरण हेतु नगद जमा किया जाएगा। मुहरबन्द निविदायें (तकनीकी एवं भावपक्ष, मूल एवं प्रतिलिपि अलग–अलग मुहरबन्द लिफाफों में) दिनांक **27 नवम्बर 2014 को अपरान्ह 02 बजे तक** कार्यालय प्रधानाचार्य, शेखुल हिन्द मौलाना महमूद हसन मेडिकल कालेज, सहारनपुर में जमा की जायेंगी। प्रत्येक निविदा प्रपत्र के लिफाफे के ऊपर निविदा संख्या एवं आइटम का नाम स्पष्ट रूप से लिखना होगा। तकनीकी भावपक्ष वाली प्राप्त निविदायें दिनांक **27 नवम्बर 2014 को अपरान्ह 02.30 बजे तक** निविदादाताओं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोली जायेंगी। यदि अन्तिम कार्यदिवस पर कोई अवकाश घोषित हो जाता है, तो उसके अगले कार्यदिवस को निर्धारित तिथि माना जाएगा। किसी भी कारण से विलम्ब से प्राप्त होने वाले निविदा प्रपत्र किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किए जाएंगे। सभी नियम एव शर्तें एवं उपकरणों/कार्य के तकनीकी विशिष्टताएं जैसा कि निविदा प्रपत्रों में अंकित है, को टेण्डर संख्या का अभिन्न अंग माना जाएगा। ई0एम0डी0, एफ0डी0आर0/टी0डी0आर0 फार्म में किसी राष्ट्रीयकृत बैंक से, जो कि प्रधानाचार्य, राजकीय मेडिकल कालेज, सहारनपुर के नाम से होगी, को निविदा की तकनीकी निविदा के साथ अलग से सीलड कवर लिफाफे में अंकित करते हुए स्वीकार किया जाएगा। उपकरणों की संख्या घटायी व बढ़ायी जा सकती है। प्रधानाचार्य को बिना कारण बताये निविदा स्वीकार एवं अस्वीकार किये जाने अथवा निविदा सूचना में विज्ञापित किसी भी आइटम का कय स्थगित/निरस्त करने अथवा नहीं करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा। किसी भी न्यायिक विवाद की स्थिति में लीगल ज्यूरीडिक्शन जिला–सहारनपुर, उ0प्र0 के मा0 न्यायालय में होगा।

यह पुनः निविदा सूचना निम्नांकित उपकरणों के लिए हैः–

S. N	Item No.	Name of Equipment	Qty Required	EMD	Cost of Tender
1	18	Blood Gas Monitoring System	1	15000	Rs.500+VAT 5%

इस पुनर्निविदा की अन्य सभी नियम/शर्ते मूल निविदा संख्या– RAMCS/2013-14/Eq./Tender-3/359, dt. 22-01-2014 के अनुरूप होगी।

उपरोक्त सूचना महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0, लखनऊ की अधिकृत बेबसाइट www.updgme.in पर व मेडिकल कालेज, सहारनपुर की वेबसाइट www.shmmhmedicalcollege.com पर प्रदर्शित है।

प्रधानाचार्य